आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 15.01.2025 समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीन अग्रणी युद्धपोतों– आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस वाघशीर को राष्ट्र को समर्पित किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के नगर निगमों के लिए पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया।
- इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय महाकुंभ में निर्बाध संपर्क के लिए 11 भाषाओं में बहुभाषायी सुगमता उपलब्ध करा रहा है।
- बागेश्वर में पवित्र सुरजकुंड संगम के साथ ही अग्निकुंड में बच्चों का जनेऊ संस्कार किया गया।

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मुम्बई में दो युद्धपोत– आईएनएस सूरत और आईएनएस नीलगिरी तथा एक पनडुब्बी– आईएनएस वाघशीर को राष्ट्र को समर्पित किया। पहली बार एक साथ तीन पोत भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल किये गए हैं। यह रक्षा विनिर्माण और समुद्री सुरक्षा में वैश्विक नेतृत्व प्राप्त करने के भारत के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के भारत का सैन्य सामर्थ्य भी अधिक सक्षम और आधुनिक हो, ये देश की प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि जल हो, थल हो, नभ हो या फिर असीम अंतरिक्ष, हर जगह भारत अपने हितों को सुरक्षित कर रहा है।

श्री मोदी ने कहा कि आज भारत पूरे विश्व, खासकर ग्लोबल साउथ में एक भरोसेमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत विस्तारवाद नहीं, विकासवाद की भावना से काम करता है।

**भाजपा संकल्प पत्र**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में राज्य के नगर निगम चुनावों के लिए पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को विकास की नई ऊंचाइयां देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर शहर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और सफाई व्यवस्था को और बेहतर और मजबूत किया जा रहा है। श्री धामी ने कहा कि स्मार्ट सिटी मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना और अमृत योजना जैसी विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदेश के हर नागरिक को दिलाने का प्रयास किया गया है। इस बीच, प्रदेश में आगामी निकाय चुनाव में राजनैतिक पार्टियां मतदाताओं को लुभाने में लगी हैं। चुनाव प्रचार अभियान के तहत राजनैतिक पार्टियों की ओर से जनसभाएं, रोड शो, पदयात्रा और जनसंपर्क सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**मशाल टिहरी**

प्रदेश में आगामी 28 जनवरी से होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज राष्ट्रीय खेलों की मशाल तेजस्विनी और शुभंकर मौली के नई टिहरी पंहुचने पर लोगों ने स्वागत किया। इस अवसर पर डाइजर से हनुमान चौक तक क्रॉस कंट्री दौड़ और डाइजर से बौराड़ी स्टेडियम तक प्रभात फेरी निकाली गई। जिला खेल अधिकारी दीपक सिंह रावत ने युवाओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## महाकुंभ

प्रयागराज में दिव्य महाकुंभ का पावन स्नान पूरी आस्था और उल्लास के साथ जारी है। कल मकर संक्रांति के अमृत स्नान के अवसर पर साढे तीन करोड़ से अधिक लोगों ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने भाषिणी के सहयोग से महाकुंभ में बहुभाषायी सुगमता का तकनीकी प्रबंध किया है। महाकुंभ में श्रद्धालुओं और तीर्थ यात्रियों को भाषा अनुवाद प्लेटफॉर्म भाषिणी के जरिए 11 विभिन्न भाषाओं की सुविधा उपलब्ध हो रही है। इस प्लेटफॉर्म पर डिजिटल खोया पाया समाधान के जरिए लोग अपनी भाषा में खोई या पाई गई वस्तुओं का विवरण दर्ज कर रहे हैं, तो वही आसान संवाद के लिए वास्तविक समय में दर्ज की गई विवरण का अनुवाद भी हो रहा है। एआई संचालित बहुभाषी चैट बोट कुंभ सहायक को महाकुंभ के दौरान लाखों आगंतुकों की सहायता के लिए डिजाइन किया गया है। भाषिणी मोबाइल ऐप की वार्तालाप सुविधा के जरिए श्रद्धालुओं को इस बड़े आयोजन में उत्तर प्रदेश पुलिस की 112 आपातकालीन हेल्पलाइन के साथ सहज संचार की सुविधा भी मिल रही है।

## जनेऊ संस्कार

सूर्य के दक्षिणायन से उत्तरायण में आते ही कुमाऊं की काशी बागेश्वर में माघ महीने के दूसरे दिन आज पवित्र सुरजकुंड संगम के साथ ही अग्निकुंड में लोगों ने अपने बच्चों का जनेऊ संस्कार कराया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में स्नान किया और बागनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। पंडित रमेश राम ने जनेऊ संस्कार की महत्ता के बारे में जानकारी दी।

वहीं, मकर संक्राति पर जनेऊ संस्कार के लिए बड़ी संख्या में लोग बागेश्वर पहुंचे।

## चाय उत्पादन

कुमाऊं के मंडलायुक्त दीपक रावत ने पिथौरागढ़ के बेरीनाग चाय बागान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को क्लस्टर बेस पर आधारित कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा विशेष पहचान के चलते पिछले साल इस चाय बागान को जीआई टैग प्राप्त हुआ है। श्री रावत ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र चौकड़ी में बड़ी संख्या में पर्यटक घूमने आते हैं, लेकिन वे यहां पर अधिक समय तक नहीं रुकते हैं। इसे देखते हुए क्षेत्र को टी टूरिज्म और स्थानीय झरनों से जोड़ते हुए विकसित किया जाएगा, ताकि पर्यटक अधिक दिन तक चौकड़ी में रुक सकें। इसके लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## माघ मेला

उत्तरकाशी में सुप्रसिद्ध माघ मेला शुरू हो गया है। बाड़ाहाट पट्टी के आराध्य कंडार देवता और हरि महाराज की डोली की उपस्थिति में जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने मेले का शुभारम्भ किया। सप्ताह भर चलने वाले इस मेले में विभिन्न क्षेत्रों से लोक देवताओं की डोलियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। गंगा स्नान के बाद चमाला की चौरी पर डोली नृत्य और रासो–तांदी नृत्य की प्रस्तुति ने मेले को सांस्कृतिक रंग में रंग दिया।

## साहसिक खेल

उत्तरकाशी स्थित नेहरू पर्वतारोहण संस्थान में स्थानीय निवासियों और पर्यटकों के लिए ज़िप लाइन और क्विक जंप जैसे रोमांचक साहसिक खेलों की शुरुआत की गई है। करीब 40 फीट ऊंचे टावर से 110 मीटर लंबी जिप लाइन के जरिए लोग प्रकृति की गोद में रोमांच का अनुभव कर रहे हैं। वहीं, इसी टावर से 35 फीट की ऊंचाई से क्विक जंप भी कराई जा रही है। अभी हर दिन 15 से 20 लोग इन गतिविधियों का लुत्फ उठाने पहुंच रहे हैं। नेहरू पर्वतारोहण संस्थान में पहले से ही पर्वतारोहण, माउंटेन बाइकिंग, स्कीइंग और एडवेंचर के विभिन्न कोर्स कराए जाते हैं। अब इन नई गतिविधियों के जुड़ने से यह केंद्र रोमांचक खेलों का एक नया आकर्षण बन गया है।